an>

Title: Need to set up parking fee collection cabin within the Parking Area of vehicles at Ahmedabad Airport.

श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, अहमदाबाद एयरपोर्ट (घरेलू एवं अन्तर्राष्ट्रीय) के परिसर में यात्री आने और जाने के समय अपने निजी वाहन का उपयोग करते हैं। यहां दोनों जगह 'पे पार्किंग' (मूल्य भुगतान) होता है। इसके लिए पार्किंग एरिया में 'फी कलेक्शन केबिन' की व्यवस्था होती थी (एंट्री एवं एक्सिट स्थल)। कुछ समय पूर्व दोनों जगह पार्किंग के लिए नए कांट्रेक्ट दिए गए हैं। पार्किंग कॉन्ट्रक्टर द्वारा इस बार वास्तविक पार्किंग जगह से करीब एक किलोमीटर आगे अर्थात 'की एयरपोर्ट' एंट्री पर पार्किंग केबिन रास्ते में लगाए गए हैं और 15 मिनट अवधि में बाहर जाने का समय दिया गया है जिसकी वजह से यात्रियों को बड़ी असुविधा रहती है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि अहमदाबाद एयरपोर्ट में वाहनों की पार्किंग एरिया में ही वाहन चालकों की सुविधानुसार पार्किंग शुल्क कलैक्शन केबिन स्थापित किए जाएं।